Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 88 रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# हर नागरिक के दिल में दर्द, दिनेश का पार्थिव शरीर रात 9 बजे पहुंचेगा रायपुर

## परिजनों से मिलने पहुंचे मंत्री टंकराम वर्मा



**रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया का शव अब से चंद मिनट बाद विमान के जरिए श्रीनगर से पहले नई दिल्ली लाया जाएगा. नई दिल्ली में औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पार्थिव शरीर को विमान के जरिए रायपुर लाया जाएगा. पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए लोगों के साथ उनके परिजनों को गृह नगर तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने विशेष विमानों की व्यवस्था की है. दिवंगतों के शवों को लेकर विमान श्रीनगर से लेकर नई दिल्ली पहुंचेगा, जहां औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विमानों के जरिए शवों को गृह नगर के नजदीकी हवाई अड्डे तक भेजा जाएगा।

सरकार की ओर से दी गई जानकारी, दिनेश मिरानिया (अग्रवाल) का शव दोपहर 11.45 बजे श्रीनगर से फ्लाइट 6ई 2356/ 6ई 5138 श्रीनगर से नई दिल्ली लाया जाएगा. इसके बाद नई दिल्ली से शव को रात करीबन 9 बजे रायपुर लाया जाएगा. शव के साथ दिवंगत की पत्नी नेहा मिरानिया, बेटा शौर्य, बेटी लक्षिता, भाई नरेश अग्रवाल और भतीजा केशव अग्रवाल विमान से रायपुर आएंगे. इस बीच पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मिरानिया के समता कालोनी स्थित निवास पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पहुंचकर परिजनों से संवेदना जताई. उन्होंने चर्चा में कहा कि घटना बहुत दुखद है. दिनेश मिरानिया के परिजनों के दुख में शामिल होने आया हूं. आतंकवादियों ने बहुत ही कायराना हरकत की है. दिनेश मिरानिया का अंतिम संस्कार ससम्मान किया जाएगा।

### पहलगाम आतंकी हमले पर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान, कहा- इस तरह की घटना का बदला लेगा देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं का देश बदला लेगा. इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से पहलगाम गए पर्यटकों के बारे में मुख्य सचिव, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली. साथ ही आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया के परिवार की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई दौरे पर रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में कहा कि इस तरह की घटनाओं पर देश ने करारा जवाब दिया है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दौरे के बीच से वापस लौट गए हैं. उन्होंने लौटते ही एयरपोर्ट पर बैठक ली, इससे घटना को लेकर उनकी गंभीरता समझ आती है. सीएम साय ने सभी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया का भी दुखद निधन हुआ है। स्थानीय प्रशासन परिवार के संपर्क में है। शासन-प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह मुंबई के लिए रवाना हुए, जहां वे बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बताया कि मुंबई का दो दिवसीय दौरा है, आज टेक्सटाइल पर एमओयू कार्यक्रम है. वे अंतर्राष्ट्रीय स्टील कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस दौरान उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



# थोड़ा इंतज़ार कीजिए, करारा जवाब मिलेगा... भारत लौटते ही एक्शन में पीएम मोदी, एयरपोर्ट पर की बैठक



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को एक बार फिर हिला कर रख दिया है। 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले इस बर्बर हमले के बाद केंद्र सरकार ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विदेश दौरे को बीच में ही रद्द कर न केवल दिल्ली वापसी की, बल्कि एयरपोर्ट पर उतरते ही एक आपात बैठक कर हालात का जायज़ा लिया। प्रधानमंत्री मोदी के दिल्ली लौटते ही, एयरपोर्ट पर एक तात्कालिक हाईलेवल बैठक की गई जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा भी मौजूद थे। एनएसए डोभाल ने पीएम को हमले की पूरी जानकारी दी और आतंकियों के नेटवर्क व उनकी पृष्ठभूमि को लेकर ब्रीफिंग दी गई। इस बैठक में हमले से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और कूटनीतिक प्रतिक्रिया पर भी चर्चा हुई।

हमले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक विशेष टीम श्रीनगर पहुंच चुकी है। यह टीम मौके पर जाकर साक्ष्य जुटा रही है और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर आतंकियों की पहचान और उनके नेटवर्क की तह में जाने की कोशिश कर रही है।

### पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात के बाद अमित शाह घटनास्थल पर पहुंचे, श्रद्धांजलि अर्पित की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज सुबह श्रीनगर पहुंचे और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिले। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। शाह ने पहले पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के साथ देश की गहरी संवेदना को स्वीकार किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के शवों पर पुष्पांजलि अर्पित की और बचे लोगों को आश्वासन दिया कि इस नृशंस कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, शाह ने श्रीनगर में पुलिस नियंत्रण कक्ष में आतंकी हमले के पीड़ितों के ताबूतों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस घटना ने कश्मीर के सबसे खूबसूरत स्थलों में से एक की शांति को भंग कर दिया गया, जिसे अक्सर भारत का मिनी-स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यह भयानक हमला अनंतनाग जिले के सुदूर उच्च-ऊंचाई वाले क्षेत्र में हुआ - एक ऐसा स्थान जहाँ केवल ट्रेकिंग या घोड़े की पीठ पर ही पहुँचा जा सकता है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घातक घटना के मद्देनजर सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना हो गए।



## ब्रेकिंग न्यूज

### मालदा के सिकंदरपुर गांव में रात्रि पहरा दे रहे युवक की बेरहमी से हत्या

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के इंग्लिश बाजार विधानसभा क्षेत्र के अमृत क्षेत्र के सिकंदरपुर में मंगलवार रात को पहला दे रहे दो युवकों पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर ग्रामिणों में जबरदस्त हंगामा किया और पूरे इलाके को जाम कर दिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ ही रैफ को उतारा गया है। मृतक की पहचान शिबू मंडल और घायल की पहचान सूर्य मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए गांव के लोगों ने पहरा देने का निर्णय लिया था।




**चूहा- सुनती हो, उपराष्ट्रपति धनकड़ ने कहा कि संसद ही सुप्रीम है..!**

**चुहिया- हां जी, लेकिन नेता लोग तो अपने को सुप्रीम बताते हैं..!**

# महादेव सट्टा ऐप से जुड़े नेटवर्क पर रायपुर ईडी की बड़ी कार्रवाई

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली-मुंबई समेत देश के 7 बड़े शहरों में मारा छापा, बॉन्ड सहित 573 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति की फ्रीज




**रायपुर, 23 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रायपुर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने देश के 7 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए 576.29 करोड़ रुपए की सिक्योरिटीज/बॉन्ड/डीमैट खाते फ्रीज कर दस्तावेज जब्त किए। इसमें 3.29 करोड़ रुपए नकद शामिल हैं।

ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का कनेक्शन दिल्ली के कुछ नेताओं से जुड़ा है। हवाला के जरिए छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक काली कमाई भेजी गई। यह भी पाया गया कि सट्टेबाजी से कमाए गए पैसों को मॉरीशस और दुबई के फर्जी एफपीआई (फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स) के जरिए विदेशी निवेश और शेयर बाजार में लगाया गया, जिससे स्मॉल और मिडकैप कंपनियों के शेयरों की कीमतों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव करके आम निवेशकों को चपत लगाई गई। अधिकारियों के अनुसार, यह मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। दिल्ली के जिन नेताओं का कनेक्शन मिला है, ईडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच में मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप का सिंडिकेट चलाने के इनपुट मिले हैं। इसके लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, आईडी को सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की व्यवस्था करता है। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में अपराध की आय मिली है। बता दें कि महादेव सट्टा प्रकरण में अब तक ईडी ने 170 से अधिक परिसरों में छापेमारी कर तलाशी में करीब 3002.47 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति अटैच कर चुकी है। साथ ही इस सिंडिकेट से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, प्रकरण की जांच कर 5 अभियोजन शिकायतों में 74 संस्थाओं को आरोपी बनाया गया है।

# हाथ में एके47, पठानी लंबा कुर्ता... पहलगाम में 28 पर्यटकों को मारने वाले आतंकवादी की तस्वीर ऑनलाइन वायरल



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 28 पर्यटक मारे गए। हमलेइस हमले में कई अन्य घायल हो गए, जिसने कश्मीर के सबसे खूबसूरत स्थलों में से एक की शांति को भंग कर दिया, जिसे अक्सर भारत का मिनी-स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यह भयानक हमला अनंतनाग जिले के सुदूर ऊंचाई वाले क्षेत्र में हुआ - एक ऐसा स्थान जहाँ केवल ट्रेकिंग या घोड़े की पीठ पर ही पहुँचा जा सकता है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घातक घटना के मद्देनजर सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना हो गए। हमले को अंजाम देने वाले संदिग्ध आतंकवादियों में से एक का पहला दृश्य ऑनलाइन सामने आया। तस्वीर में एक आतंकवादी स्वचालित बंदूक पकड़े हुए दिखाई दे रहा है। कथित तौर पर हमला पाँच से छह आतंकवादियों ने किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आतंकवादियों ने प्रसिद्ध घास के मैदान बैसरन में नागरिकों पर गोलीबारी की। यह हमला 2019 में पुलवामा हमले के बाद कश्मीर में सबसे घातक हमला था।

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले में शामिल आतंकवादी की पहली तस्वीर सामने आई है। यह दुर्लभ और विनाशकारी हमला मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ, जिसमें कम से कम 26 लोगों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की आशंका है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह हमला पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाकर किया गया था, जो ट्रैकिंग अभियान के लिए सुरम्य बैसरन घाटी में घूमने आए थे। अज्ञात बंदूकधारियों ने बेखबर आगंतुकों पर गोलियां चलाईं, जिससे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी मच गई।

# भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, उसके लिए संदर्श की शर्तें तय हो चुकी हैं और दोनों देशों ने इन पर सहमति जताई है। जयपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए जेडी वेंस ने ये बात कही। जेडी वेंस ने कहा कि %जो राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी ने फरवरी में एलान किया था कि दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार को इस दशक के अंत तक 500 अरब डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। दोनों पक्ष इसे लेकर गंभीर और उत्साहित हैं।% वेंस ने कहा कि दोनों देशों की सरकारें व्यापार समझौते पर बात कर रहे हैं, जो साझा हितों के आधार पर बना है और इसमें नई नौकरियों के अवसर पैदा करने, सप्लाई चेन को बनाने और दोनों देशों के कर्मचारियों को समृद्ध बनाने पर फोकस है। भारत और अमेरिका आधिकारिक तौर पर व्यापार समझौते को लेकर संदर्भ की शर्तों पर राजी हो गए हैं। यह एक बड़ा और अहम कदम है। कार्यक्रम में जेडी वेंस ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई देशों पर टैरिफ लगाने के कदम का बचाव किया। उन्होंने कहा कि व्यापार को संतुलित करने के लिए यह जरूरी था और इससे भविष्य में दोनों देशों का भविष्य बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका रक्षा, ऊर्जा, अहम रणनीतिक तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं। जेडी वेंस ने भारत दौरे पर सोमवार की शाम को नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत अमेरिकी रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार और मजबूती देने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने साझा आर्थिक प्राथमिकताओं पर भावी चर्चा के लिए रोडमैप तैयार किया।

# रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयास तेज, लंदन में बैठक करेंगे अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों के राजनयिक



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका समेत कई देश प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को लंदन में ब्रिटेन, अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राजनयिक और रक्षा प्रमुख शांति समझौते को लेकर बैठक करेंगे। ब्रिटिश रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा कि विदेश मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में युद्ध विराम कैसा हो सकता है और दीर्घ अवधि में शांति कैसे सुनिश्चित की जा सकती है इस पर चर्चा होगी। बैठक में यूक्रेन और रूस के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग भी शामिल होंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पेरिस वार्ता में शामिल होने वाले विदेश मंत्री मार्को रुबियो शेड्यूल संबंधी समस्या के कारण बैठक में नहीं आ पाएंगे। ब्रिटेन ने कहा कि रूस द्वारा अपने पड़ोसी पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से तीन साल से अधिक समय से चल रही लड़ाई को रोकने के लिए राजनयिक प्रयासों के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि वार्ता अपने चरम पर पहुंच रही है और अगर दोनों पक्षों में से कोई भी शांति की ओर नहीं बढ़ता है तो अमेरिका इसे छोड़ सकता है। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के इस सप्ताह फिर से मास्को आने की उम्मीद है। पश्चिमी विश्लेषकों का कहना है कि रूस शांति वार्ता को समाप्त करने की जल्दी में नहीं है, क्योंकि उसके पास युद्ध के मैदान की गति है और वह अधिक यूक्रेनी भूमि पर कब्जा करना चाहता है। यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के प्रवक्ता डेव पेरेस ने कहा कि गेंद रूस के पाले में है। अब समय आ गया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिखाएं कि वह शांति के बारे में गंभीर हैं।

## मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट की सलाह

# आपस में बातचीत करके मामला सुलझाएं



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से कहा कि वे मानहानि मामले को आपसी बातचीत से निपटा लें। कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश में साल 2021 के पंचायत चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनके खिलाफ संगठित, दुर्भावनापूर्ण, झूठा और मानहानिकारक अभियान चलाया।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने चौहान और तन्खा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी और कपिल सिब्बल से कहा, %कृपया हमें यह मामला सुनने के लिए मजबूर न करें। हम इसे बंद करना चाहते हैं। आप दोनों साथ बैठकर इसे सुलझाएं। पिछले साल मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शिवराज सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। बुधवार को सुनवाई के दौरान विवेक तन्खा के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, %अगर वह (चौहान) खेद व्यक्त करते हैं, तो मैं मानहानि के मामले को सुलझाने के लिए तैयार हूं।% इस पर सुप्रीम कोर्ट में शिवराज सिंह चौहान का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने जवाब दिया कि अगर कोई गलती ही नहीं हुई है तो मंत्री को खेद क्यों होना चाहिए? उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्हें सिब्बल के साथ बैठकर मामले पर चर्चा करने में कोई समस्या नहीं है। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई 21 मई तक टाल दी। दरअसल विवेक तन्खा का आरोप है कि साल 2021 के पंचायत चुनाव में भाजपा नेताओं ने दावा किया कि विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। इसके खिलाफ तन्खा ने भाजपा नेताओं पर 10 करोड़ रुपये मानहानि का मामला दर्ज कराया था।